दिनांक : 16.08.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

...

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज पूरे देश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की पूजा–अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा और वृंदावन में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की विशेष तैयारी की गई है। भगवान श्रीकृष्ण की जन्मस्थली मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर तथा वृंदावन में श्री बांके बिहारी मंदिर, प्रेम मंदिर और इस्कॉन मंदिर सहित सभी मंदिर आकर्षक ढंग से सजाये गये हैं।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी है। वहीं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की प्रदेशवासियों को बधाई दी

**जन्माष्टमी** जिले

**जबलपुर** में जन्माष्टमी के अवसर पर सुबह से मंदिरों में भक्तों की भीड़ है। मंदिरों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। बुंदेलखंड का वृंदावन कहे जाने वाले **पन्ना** में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा हे। यहां रात ठीक बारह बजे भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। **शिवपुरी** में विभिन्न मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। यहां विभिन्न स्थानों पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता, विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम और प्रसादी वितरण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं। **नर्मदापुरम** और **सतना** सहित विभिन्न जिलों में इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

**वाजपेयी पुष्पांजलि**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समाधि– स्थल सदैव अटल पर पुष्पांजलि अर्पित की। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा, किरेन रिजिजू, गजेन्द्र सिंह शेखावत, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित अनेक गणमान्य लोग इस अवसर पर उपस्थित थे। वहीं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भोपाल में भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें याद किया।

**प्रधानमंत्री–दिल्ली परियोजनाएं**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में लगभग 11 हजार करोड़ रुपये की दो बड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शुभारम्भ करेंगे। इन परियोजनाओं में द्वारका एक्सप्रेस–वे के दिल्ली खण्ड और शहरी विस्तार सड़क का दूसरा भाग शामिल है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि ये परियोजनाएं राजधानी दिल्ली के लोगों को यातायात में सुविधा देने के सरकार के दृष्टिकोण के अनुरूप विकसित की गई है। इन परियोजनाओं से यातायात में सुगम होगा, यात्रा में समय की बचत होगी और दिल्ली और आसपास क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक जनसभा को भी सम्बोधित करेंगे।

**राष्ट्रपति अमृत उद्यान**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति संपदा में प्लुमेरिया गार्डन, बनयान ग्रोव और बबलिंग ब्रुक का उद्घाटन किया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि प्लुमेरिया गार्डन, बनयान ग्रोव और बबलिंग ब्रुक अब उद्यान का हिस्सा हैं। प्लुमेरिया गार्डन में घास के टीले और विशेष रूप से तैयार किए गए वृक्षारोपण शामिल हैं। अमृत उद्यान अगले महीने की 14 तारीख तक जनता के लिए खुला रहेगा।

**मौसम चेतावनी**

प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। कल उमरिया, बैतूल, नर्मदापुरम, भोपाल, पचमढ़ी, रायसेन शिवपुरी, छिंदवाड़ा, खजुराहो, मंडला सहित कई जिलों में अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज बैतूल और हरदा जिलों में अति भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, मंदसौर सहित एक दर्जन से अधिक जिलों में भारी बारिश हो सकती हैं। राजधानी भोपाल में घने बादल छाये हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार–आज अधिकांश जिलों में गरज चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं।

-----------------------------------------